**Regarding Need to give environment clearance for construction of Mawana-Makdumpur Road in Bijnor Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- laid**

श्री चंदन चौहान (बिजनौर) **:** मैं सरकार का ध्यान हस्तिनापुर के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व की ओर आकर्षित करना वाहता हूँ । हस्तिनापुर, जो महाभारत काल में राजधानी थी, भारतीय संस्कृति और इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है । यहाँ कई प्राचीन मंदिर, आश्रम और अन्य धार्मिक स्थल स्थित है, जो इसे एक प्रमुख तीर्थ स्थल बनाते हैं । हस्तिनापुर में स्थित प्रमुख स्थलों में पांडेश्वर मंदिर, कर्णेश्वर मंदिर, द्रोणाचार्य आश्रम, और जैन धर्म के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल शामिल हैं । इन स्थलों का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व अत्यधिक है, और यहाँ देशभर से श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं । अतः मैं सरकार से अनुरोध करता हूँ कि बिजनौर लोक सभा की हस्तिनापुर विधान सभा के मवाना से मकदूमपुर मार्ग, जो लगभग 13 किमी है, मुख्य सड़क है जिससे सभी तीर्थ यात्री गुजरते है, अतः इसके पुन निर्माण हेतु वन विभाग की अनापत्ति पत्र की आवश्यकता है । इस सांस्कृतिक धरोहर के विकास के लिये क्या केंद्रीय वन विभाग जनहित में अनापत्ति पत्र जारी कर रहा है? अगर नहीं तो में जल्द से जल्द यह अनापत्ति पत्र जारी कर इस सड़क का पुनः निर्माण करवाने का निवेदन करना चाहता हूँ ।